तत्काल जारी हेतु

प्रेस विज्ञप्ति

एफएसएसएआई के सीईओ ने पहलगाम में सीएसी की 42वीं बैठक को संबोधित किया

सीईओ ने राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों को छात्रों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करने के लिए छात्रावासों और विश्वविद्यालयों की कैंटीन में खाद्य संचालकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया।

पहलगाम, 28 अक्टूबर, 2023: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जी. कमला वर्धन राव ने शनिवार, 28 अक्टूबर 2023 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 42वीं केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) की बैठक को संबोधित किया और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से खाद्य सुरक्षा पर जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान, उन्होंने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को छात्रों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करने के लिए छात्र छात्रावासों और विश्वविद्यालयों की कैंटीन में खाद्य संचालकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया।

सीईओ ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त से वर्तमान खाद्य परीक्षण बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और देश में खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने स्टेट कनेक्ट पहल जो केंद्र सरकार, राज्य सरकार और खाद्य व्यापार उद्योग के बीच निरंतर बातचीत के लिए एक मंच है को बढ़ावा देकर व्यापक परामर्श के महत्व पर भी जोर दिया।
इसके अलावा, श्री राव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को त्यौहारों के मौसम को देखते हुए दूध और दूध उत्पादों और मिठाइयों पर निगरानी सर्वेक्षण करने के लिए प्रोत्साहित किया।
सीईओ एफएसएसएआई ने देश भर में मौजूदा स्ट्रीट फूड हब के आधुनिकीकरण के लिए "मॉर्डनाइजेशन ऑफ 100 फूड स्ट्रीट्स" योजना के महत्व को दोहराया और ससमय क्रियान्वयन पर जोर दिया। और उन्होंने इस पहल को लागू करने में देश भर में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए मध्य प्रदेश को बधाई दी।